आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों अलीगढ़ हाथरस ऐटा कासगंज बदायूं बुलंदशहर मथुरा आदि से प्रसारित व अलीगढ़ से प्रकाशित

बर्ष :13 अंक :475 पृष्ठ -4 दिनांक 10 मई 2025 दिन शनिवार

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पाकिस्तानी सेना पर बड़ा जुबानी हमला किया

### सीएम ने बहावलपुर में आतंकियों के जनाजे का भी जिक्र किया

भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के दरम्यान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पड़ोसी मुल्क की सेना पर बड़े सवाल उठाए हैं. लाहौर स्थित बहावल. पुर में आतंकियों के जनाजे में पाकिस्तानी सेना के शामिल होने पर सीएम योगी ने प्रतिक्रिया दी.सीएम योगी ने कहा कि पाकिस्तान अब अपने वजूद के लिए जूझता नजर आएगा, भारत हर हाल में विजयी है और रहेगा.श सीएम योगी ने कहा – 22 अप्रैल को पाकिस्तानी आतंकियों ने शरारत की, जिसका पीएम मोदी के संकल्प और जवानों की बहादुरी से करारा जवाब दिया गया. सीएम ने कहा कि पाकिस्तान एक को बेशर्म देश है ,जहाँ आतंकी गतिविधियों में उसकी सीधी भागीदारी है. पाकिस्तान दुनिया के सामने कराह रहा है. आतंकवादियो के जनाजे में पाक सेना के शीर्ष अधिकारी जाते हैं. मुख्यमंत्री ने कहा कि हर भारतवासी का दायित्व बनता है की हम सेना के साथ खड़े हों. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, श22 अप्रैल को पाकिस्तानी आतंकवादियों ने पहलगाम पर हमला किया था. प्रधानमंत्री मोदी का



संकल्प था और हमारे सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है. हमें अपने सशस्त्र बलों के साथ खड़ा होना है और उनका मनोबल बढ़ाना है. आज आप पाकिस्तान को दुनिया के सामने कराहते हुए देख सकते हैं. सोशल मीडिया पर तरह–तरह की अफवाहें फैलाई जाएंगी. हमें प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में काम करते रहना है. भारत हर परिस्थिति में विजयी है और आगे भी विजयी रहेगा.शसीएम ने यह बातें वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती के दौरान लखनऊ में कहीं. इस दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ ने महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर राजधानी लखनऊ के हुसैनगंज चौराहे पर लगी महाराणा प्रताप प्रतिमा के सौंदरीकरण का लोकार्पण किया.कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ, सपा से बागी विधायक राकेश प्रताप सिंह , अभय सिंह , मंत्री राकेश सचान, मंत्री दिनेश प्रताप सिंह समेत तमाम लोग मौजूद थे.सीएम योगी ने कहा, श्महाराणा प्रताप की स्मृतियों को नमन करता हूं, उनका स्मरण हर भारतवासी के लिए प्रेरणा है. महाराणा प्रताप ने समाज के हर तबके को एकजुट किया और उनकी कर्तव्यनिष्ठता हम सभी के लिए आदर्श है.

## यूपी के इन 17 शहरों में घर के बाहर ही मिलेगी पार्किंग . की सुविधा, जानें– क्या है सरकार का प्लान?

उत्तर प्रदेश में चार पहिया वाहन मालिकों के लिए राहत की खबर आई है. अब जिनके घरों में चार पहिया वाहन खड़ा करने की जगह नहीं है, उन्हें परेशान होने की आवश्यकता नहीं है. अब आपको रात में घर के बाहर नगर निगम द्वारा चिह्नित स्थान पर वाहन खड़ा करने की सुविधा मिलेगी. इसके लिए आपको नगर निगम को मामूली चार्ज देना होगा.जानकारी के मुताबिक नगर निगम रात्रि पार्किंग के लिए जमीन आरक्षित करेगा. इसके साथ ही शहरों में जाम की समस्या को देखते हुए त्योहारों व मेलों के मौके पर फ्लाई ओवर के नीचे पार्किंग की वैकल्पिक सुविधा दी गई है. हालांकि हरियाली वाले स्थानों पर पार्किंग का ठेका नहीं दिया जाएगा. शासन ने नई नियमावली के तहत पार्किंग की दरें भी तय कर दी हैं. नगर विकास विभाग ने कैबिनेट की मंजूरी के बाद उत्तर प्रदेश नगर निगम (पार्किंग स्थान का सन्निर्माण, अनुरक्षण और प्रचालन) नियमावली–2025 की अधिसूचना जारी कर दी है. इसके तहत प्रथम चरण में लखनऊ, कानपुर, आयोध्या, अलीगढ़, आगरा, गाजियाबाद, गोरखपुर, झांसी, प्रयागराज, फिरोजाबाद, बरेली, मधुरा, मेरठ, मुरादाबाद, वाराणसी, शाहजहांपुर व सहारनपुर में यह सुविधा होगी. नगर निगमों में नगर आयुक्त को अध्यक्षता में 12 सदस्यीय कमेटी होगी. सहायक अभियंता को इसका सदस्य सचिव बनाया जाएगा. कमेटी 90 दिनों में पार्किंग स्थलों की सूची जारी करेगी. पीपीपी मॉडल पर भी पार्किंग की सुविधा विकसित करने के लिए लाइसेंस दिया जाएगा.इसके तहत सिटी बसों और मेट्रो रेल से चलने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया जाएगा. रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, कार्यालय, स्कूल, डिग्री कॉलेज, छात्रावासों, फैक्ट्रियों, अस्पतालों, व्यवसायिक भवनों के पास लोगों की सुविधाओं के लिए पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी. गलियों और मिश्रित भू–उपयोग वाले स्थानों पर भी पहली बार पार्किंग ठेका देने की व्यवस्था की गई है.इसके अलावा सभी सार्वजनिक, व्यावसायिक और संस्थागत भवनों में समुचित पार्किंग की व्यवस्था कराना अनिवार्य होगा. बड़े पार्किंग स्थलों पर कार बाजार के साथ उसमें कार धुलाई की व्यवस्था भी होगी. विदेशों की तर्ज पर मल्टीलेवल पार्किंग की व्यवस्था होगी, जहां पर लिफ्ट के माध्यम से कारों को पार्क करने की व्यवस्था होगी.नई व्यवस्था के तहत खुले स्थान पर भी पा. र्किंग का ठेका दिया जाएगा. मैदान, चौड़े फुटपाथ वाले स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था होगी. कोई भी व्यक्ति मनमाने तरीके से अपने घर के बाहर या फिर अपनी खाली जमीन पर पार्किंग नहीं चला पाएगा. उसे ऐसी पार्किंग चलाने के लिए नगर निगम से आवश्यक रूप से लाइसेंस लेना होगा. इसके अलावा भूमिगत पार्किंग के लिए उपरी भाग पर 95 फीसदी हरियाली होनी चाहिये. नगर आयुक्त 30 दिनों में कोई भी ठेका रद्द कर सकेंगे.

## भारत–पाक तनाव के बीच वरुण गांधी की पहली प्रतिक्रिया



उत्तर प्रदेश स्थित पीलीभीत से पूर्व सांसद और भारतीय जनता पार्टी के नेता वरुण गांधी ने भारत–पाक तनाव पर पहली प्रतिक्रिया दी है.इन चुनौतीपूर्ण क्षणों में देश के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह हमारी सेना के साथ चट्टान की तरह खड़ा रहे.यह मात्र एक युद्ध नहीं, दो विचारधाराओं का टकराव है और पूरी दुनिया इसकी साक्षी है. एक ओर भारत है, जो मानवता, शांति और लोकतंत्र का प्रहरी हैय दूसरी ओर पाकिस्तान, जो कट्टरता, अस्थिरता और आतंक का प्रतीक बन चुका है.भारत जहाँ स्थिर और सशक्त नेतृत्व के साथ आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ रहा है, वहीं पाकिस्तान राजनी. तिक रूप से अस्थिर है और आतंकी एजेंडों का मोहरा बना हुआ है.अंतर केवल रणनीति का नहीं, नीति और नीयत का भी है. हमारी सेना राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और सेवा–भाव से प्रेरित है, और उनकी सेना घृणा, भ्रम और छल से. उन्हें मासूम और निर्दोष नागरिकों तक को मारने में भी कोई संकोच नहीं.आज पूरा देश एकजुट होकर वीर सै. निकों के बलिदान और पराक्रम को सलाम कर रहा है. हमें प्रधानमंत्री श्री जी और देश के सशक्त नेतृत्व पर गर्व है, जिसने दृढ़ संकल्प के साथ दुनिया को दिखा दिया है कि मानवता और न्याय की रक्षा में भारत कभी पीछे नहीं हटेगा.दुनिया अब जान और समझ गई है कि 'नया भारत' निर्णय लेने से डरता नहीं है. वह हर नागरिक की सुरक्षा को सर्वोच्च मानता है.

## भारत–पाक तनाव के बीच यूपी में नेपाल सीमा पर हाई अलर्ट, चप्पे–चप्पे पर सुरक्षा बल तैनात

ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाए पाकिस्तान ने गुरुवार को सीमा से सटे जम्मू–कश्मीर, राजस्थान और पंजाब के कई इलाकों पर ड्रोन अटैक किया, जिसे भारतीय सेना ने नाकाम कर दिया है. इस बीच देश में सुरक्षा को लेकर हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है. उत्तर प्रदेश में भी सीमावर्ती इलाकों में खास एहतियात बरती जा रही है. यूपी डीजीपी प्रशांत कुमार ने नेपाल सीमा से सटे सभी जिलों में चौकसी बढ़ाने के सख्त निर्देश जारी किए हैं. इसके साथ ही प्रदेश की सभी सरहदों पर सघन चौि. कंग की जा रही है. ताकि किसी भी खतरे से निपटा जा सके. यूपी पुलिस केंद्रीय सुरक्षा बलों और खुफिया एजेंसियों के साथ समन्वय करके सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने में जुटी है. पाकिस्तान के तनाव के बीच आतंकी संगठनों के मूवमेंट को भी देखा जा रहा है. जिसे देखते हुए राज्य की सीमाओं पर मुस्तैदी बरती जा रही है. इनमें नेपाल समेत यूपी सीमा से सभी राज्यों के सीमावर्ती इलाके भी शामिल हैं. नेपाल सीमा पर सुरक्षा बल मुस्तैदउत्तर प्रदेश के सात जिलों महाराजगंज, लखीमपुर खीरी, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, श्रावस्ती, बहराइच और पीलीभीत की सीमा नेपाल देश के साथ जुड़ी हुई है. नेपाल के साथ इन जिलों से करीब 570 किमी का बॉर्डर है. इनमें से लखीमपुर खीरी के साथ प्रदेश की सबसे ज्यादा लंबी 120 किमी की सीमा है. इन जिलों में 30 पुलिस थाने बॉर्डर पर स्थिति हैं और नेपाल से दस किमी की अंदर तक करीब 980 गांव बसे हुए हैं, जो सुरक्षा के लिहाज से बेहद संवेदनशील हो जाते हैं. नेपाल के साथ अच्छे संबंधों की वजह से इस सीमा से भारत में एंट्री करना काफी आसान हो जाता है. ऐसे में डीजीपी ने इस बॉर्डर पर चौकसी बढ़ाने के निर्देश दिए हैं. इन सीमावर्ती इलाकों में पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीमों ने भी चेकिंग बढ़ा दी है. हर आने–जाने पर पैनी नजर रखी जा रही है. अतिरिक्त पुलिस बल द्वारा सघन चेकिंग के बाद ही लोगों को आने–जाने दिया जा रहा है. नेपाल सीमा पर 110 चेक पोस्ट हैं जहां से कड़ी निगरानी की जा रही है. इसके साथ ही यहां की ग्राम सुरक्षा समितियों को भी एक्टिव किया गया है. उत्तर प्रदेश ने सिर्फ नेपाल सीमा ही प्रदेश के अन्य नौ राज्यों राजस्थान, हरियाणा, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, झारखंड और छत्तीसगढ़ से जुड़ने वाली सीमा पर भी चौकसी बढ़ाई है. इन इलाकों में सीसीटीवी के जरिए भी नजर रखी जा सही है. वरिष्ठ अधिकारियों को लगातार इसकी मॉनिटरिंग करने की जिम्मेदारी दी गई है.

## यूपी में बदल रहा मौसम, अब दिखेगा प्रचंड गर्मी का असर, 44 डिग्री तक बढ़ेगा तापमान



उत्तर प्रदेश में लगातार मौसम में उतार चढ़ाव देखने को मिल रहा है. पिछले एक हफ्ते से प्रदेश के अलग–अलग हिस्सों में हुई बारिश की वजह से मौसम सुहाना हो गया था. लेकिन अब इसमें बदलाव देखने को मिल रहा है. जल्द ही प्रदेश में फिर से गर्मी का असर शुरू होने जा रहा है, गुरुवार को भी प्रदेश में दिन चढ़ने के साथ ज्यादातर जगहों पर खिली–खिली धूप निकली, जिसकी वजह से लोगों को गर्मी का एहसास हुआ. हालांकि प्रदेश में आज भी कई जगहों पर बारिश की संभावना जताई गई है. मौसम विभाग के मुताबिक उत्तर प्रदेश आज 9 मई को पूर्वी और पश्चिमी दोनों ही संभागों में बारिश की संभावना है. आज भी प्रदेश के 42 जिलों में गरज–चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है. इस दौरान कहीं–कहीं मेघ गर्जन के साथ वज्रपात होने का अलर्ट जारी किया है. प्रदेश में 40–50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं के झोंके चलने की चेतावनी दी गई है. 10 को भी दोनों संभागों में बारिश की बौछारें पड़ सकती है. 11 मई को पश्चिमी यूपी में बा. रिश और पूर्वी यूपी में मौसम शुष्क ही रहेगा. इसके बाद बारिश की कोई संभावना नहीं है. 12 मई से पूरे प्रदेश में शुष्क मौसम का दौर शुरू हो जाएगा और सूरज अपनी गर्मी का असर दिखाना शुरू कर देगा. अगले 6–7 दिनों में अधिकतम तापमान में 3–5 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है. रात में गर्मी बढ़ जाएगी. इस दौरान न्यूनतम तापमान में भी 2–4 डिग्री सेल्सियस का इजाफा हो सकता है. यूपी में आज सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, नोएडा, हापुड़, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, आगरा, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, कन्नौज, इटावा, औरैया, कानपुर, जालौन, झांसी, ललितपुर, महोबा, हमीरपुर, फतेहपुर, बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, अंबेडक. रनगर, आजमगढ़, जौनपुर, संत रविदास नगर, वाराणसी, मीरजापुर, सोनभद्र, चंदौली, प्रयागराज, जौनपुर, गाजीपुर, मऊ, बलिया, देवरिया, कुशीनगर और गोरखपुर में कई जगहों पर बारिश होने का अलर्ट जारी किया गया है. पिछले 24 घंटों में बांदा, प्रयागराज, कानपुर नगर, उरई और लखनऊ सबसे ज्यादा गर्म जिले महसूस किए गए, यहां अधिकतम तापमान 39–41 डिग्री सेल्सियस तक रहा. आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान 44–45 डिग्री तक जा सकता है.

## लखनऊ पहुंचे वर्ल्ड बैंक चीफ अजय बंगा की CM योगी से मुलाकात

उत्तर प्रदेश दौरे पर आए वर्ल्ड बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जमकर तारीफ की. राजधानी लखनऊ में सीएम से मुलाकात के बाद उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ में विजन, ऊर्जा और नेतृत्व की मजबूत क्षमता है. उन्होंने कहा कि जो विकास मैं 12 साल पहले की तुलना में आज देख रहा हूं, वह अद्भुत है. लखनऊ में गर्मजा. `शी से हुए स्वागत पर उन्होंने कहा कि यूपी मेरा ससुराल है, यहां आकर ऐसा लग रहा जैसे घर लौट आया हूं.अजय बंगा ने कहा कि अगर भारत को विकसित राष्ट्र बनना है तो उत्तर प्रदेश को विकसित करना जरूरी है. उन्होंने प्रदेश के मजबूत कानून–व्यवस्था, बेहतर सड़कों, उद्योगों और तेजी से बदलते इंफ्रास्ट्रक्चर की तारीफ की. उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी निवेश और रोजगार के लिए देश के सबसे उपयुक्त राज्यों में शामिल हो गया है.छोटे किसान यूपी की असली ताकतबंगा ने प्रदेश के किसानों को लेकर कहा कि छोटे किसान ही उत्तर प्रदेश का असली सोना हैं. उन्होंने कहा कि किसान जमीन बेचकर नहीं, बल्कि उन्नत खेती करके अमीर बन सकते हैं. आधुनिक कृषि तकनीक, नवाचार और सरकार की मदद से किसान समृद्ध हो सकते हैं.पर्यटन, स्वास्थ्य, शिक्षा और मैन्युफैक्चरिंग की सराहनाअजय बंगा ने यूपी के पर्यटन सेक्टर में संभावनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि यहां धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों के साथ–साथ ईको–टूरिज्म को बढ़ावा देने की जरूरत है. उन्होंने प्रदेश के हेल्थ और शिक्षा क्षेत्र में हुए सुधारों की तारीफ करते हुए 'रेडीमेड मील फॉर मदर' योजना को बेहद सराहनीय बताया.एमएसएमई और स्किल डेवलपमेंट को बताया भविष्य की कुंजीबंगा ने यूपी के छोटे और मध्यम उद्योगों (डैडम्) को प्रदेश की आर्थिक रीढ़ बताया. उन्होंने कहा कि युवाओं को स्किल्स देकर ही हम उन्हें रोजगार के काबिल बना सकते हैं और योगी सरकार इस दिशा में अच्छा काम कर रही है. उन्होंने राज्य सरकार के 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' प्रयासों की भी सराहना की जिससे उद्योगों का माहौल बना है. मुख्यमंत्री योगी ने जताया आभारमुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्ल्ड बैंक की टीम का स्वागत करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश, प्रधानमंत्री मोदी के विजन के अनुसार 'वन ट्रिलियन डॉलर' की अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है. उन्होंने कहा कि विश्व बैंक का सहयोग इसमें बड़ा सहारा है. इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे.उत्तर प्रदेश देश की सबसे बड़ी आबादी वाला राज्य है. बीते 7 वर्षों में यहां योगी सरकार के नेतृत्व में कानून–व्यवस्था, आधारभूत संरचना, निवेश, और किसान कल्याण के क्षेत्र में कई बड़े कदम उठाए गए हैं. ळैक्च में यूपी लगातार ऊपर बढ़ रहा है और निवेश के क्षेत्र में देश में टॉप–3 राज्यों में जगह बना चुका है. वर्ल्ड बैंक पहले भी यूपी के कई प्रा. `जेक्ट्स जैसे गंगा सफाई, हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर, स्टेट हाईवे और महिला सश. क्तिकरण में सहयोग दे चुका है. यह दौरा न सिर्फ सहयोग की मजबूती दिखाता है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के बीच यूपी की विश्वसनीयता को भी रेखांकित करता है.

# सूर्य ग्रहण कब लग रहा है, क्या मई 2025 में कोई ग्रहण लगने वाला?

सूर्य ग्रहण और चंद्र ग्रहण एक खगोलीय घटना है. जब पृथ्वी और सूर्य के बीच चंद्रमा की स्थिति देखी जाती है तब सूर्य ग्रहण लगता है. इन समयों में व्यक्ति को कोई भी शुभ कार्य करने से बचना चाहिए, क्योंकि हिंदू धर्म में ग्रहण को शुभ नहीं माना जाता है.यही वजह है कि ग्रहण के दौरान मंदिर देवालय के कपाट भी निर्धारित अवधि के लिए बंद कर दिए जाते हैं. ज्योतिष शास्त्र के अनुसार सूर्य ग्रहण के दौरान सूरज की किरणें दूषित हो जाती है और इसका प्रभाव हमारे जीवन पर पड़ता है. इस साल का दूसरा सूर्य ग्रहण कब लगेगा.दूसरा सूर्य ग्रहण 2025 कब ?इस साल का दूसरा और आखिरी सूर्य ग्रहण 21 सितंबर 2025 को लगेगा. इस दिन अश्विन माह की अमावस्या यानी सर्व. पितृ अमावस्या भी रहेगी. ऐसे में क्या पितरों का श्राद्ध कर्म ग्रहण काल में करना शुभ होगा ? जानते हैं क्या है ये ग्रहण भारत में दिखाई देगा.सितंबर में सूर्य ग्रहण का समय 2025दूसरा सूर्य ग्रहण 21 सितंबर की रात्रि में लगेगा, जो आश्विन मास की कृष्ण पक्ष अमावस्या के दिन रात 22रू59 बजे से शुरू होकर 22 सितंबर की सुबह 03रू23 बजे तक प्रभावी रहेगा.आखिरी सूर्य ग्रहण भारत में दिखेगा या नहीं ?21 सितंबर 2025 को लगने वाला साल का दूसरा सूर्य ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा.सूर्य ग्रहण का सूतक काल 12 घंटे पहले शुरू हो जाता है लेकिन ये भारत में नजर नहीं आएगा, इसलिए इसका सूतक भी लागू नहीं होगा.कहां–कहां दिखाई देगा ?इस आंशिक सूर्य ग्रहण को न्यूजीलैंड, फिजी, अंटार्कटिका और ऑस्ट्रेलिया के दक्षिणी भागों में देखा जा सकेगा. यह ग्रहण भी भारत में दिखाई नहीं देगा, इसलिए यहां इसका धार्मिक प्रभाव भी नहीं होगा




और न ही इसका सूतक काल मान्य होगा. सूर्य ग्रहण किन राशियों के लिए प्रभावशाली साल का दूसरा ग्रहण कन्या राशि और उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र में आकार लेगा. इस दौरान सूर्य, चंद्रमा और बुध के साथ कन्या राशि में स्थित होंगे और उन पर मीन राशि में बैठे शनि देव की पूर्ण दृष्टि रहेगी. इससे दूसरे भाव में तुला राशि में मंगल होंगे, छठे भाव में कुंभ राशि में राहु, दशम भाव में बृहस्पति और द्वादश भाव में शुक्र और केतु की युति होगी. कन्या राशि और उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र में जन्मे लोगों के लिए यह सूर्य ग्रहण विशेष रूप से प्रभावशाली हो सकता है.

# वैवाहिक जीवन में चल रही खटपट? पति–पत्नी में रोज हो रहे झगड़े, वट सावित्री व्रत के दिन करें यह छोटा सा उपाय

देवघर. हिंदू धर्म में वट सावित्री व्रत का बहुत खास महत्व होता है. इस दिन सुहा. गिन महिलाएं व्रत रखकर अपने पति की लंबी उम्र की कामना करती हैं और वटवृक्ष की पूजा करती हैं. ऐसा करने से उन्हें अखंड सौभाग्यवती का आशीर्वाद मिलता है. मान्यता है कि वट वृक्ष में ब्रह्मा, विष्णु और भगवान शिव का वास होता है. कई महिलाएं जिनके वैवाहिक जीवन में समस्याएं चल रही हों या जो अपने दाम्पत्य जीवन को खुशहाल रखना चाहती हैं, वे वट सावित्री के दिन कुछ खास उपाय कर सकती हैं. आइए जानते हैं देवघर के ज्योतिषाचार्य से कि क्या उपाय करें३देवघर के पागल बाबा आश्रम स्थित मुद्गल ज्योतिष केंद्र के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पंडित नंदकिशोर मुद्गल ने लोकल 18 के संवाददाता से बातचीत में बताया कि हर साल ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि को वट सावित्री व्रत रखा जाता है. इस साल 26 मई को वट सावित्री व्रत रखा जाएगा. इस दिन सुहागिन महिलाएं निर्जला व्रत रखकर अखंड सौभाग्यवती के लिए वटवृक्ष की पूजा करती हैं. ज्योतिष शास्त्र में कुछ ऐसे उपाय बताए गए हैं जिन्हें वट सावित्री के दिन अपनाकर महिलाएं अपने वैवाहिक जीवन को और खुशहाल बना सकती हैं. वट सावित्री के दिन क्या करें ये उपाय ज्योतिषाचार्य बताते हैं कि वट सावित्री व्रत के दिन सुहागिन महिलाएं वटवृक्ष के नीचे भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करें. साथ ही श्रृंगार की वस्तुएं अर्पित करें और शोडशोपचार विधि से वटवृक्ष की पूजा करें. वटवृक्ष में कच्चा सूत या मौली 108 बार लपेटें और अपनी वैवाहिक जीवन की खुशहाली की कामना करते हुए 108 बार प्रदक्षिणा करें. ऐसा करने से भगवान शिव और माता पार्वती प्रसन्न होंगे और आपकी मनोकामनाएं अवश्य पूरी होंगी. पूजा समा. प्ति के बाद 11 घी के दीपक वटवृक्ष के नीचे जलाएं. ऐसा करने से आपके वैवाहिक जीवन में हमेशा खुशहाली बनी रहेगी.

# राहु मंगल बनाएंगे षडाष्टक योग, 18 मई के बाद मुश्किलों में फंस सकते हैं इन 3 राशियों के लोग

राहु ग्रह 18 मई को मीन राशि से निकलकर कुंभ राशि में गोचर कर जाएंगे। वहीं मंगल इस दौरान अपनी नीच राशि कर्क में रहेंगे। मंगल से राहु अष्टम भाव में होंगे और राहु से मंगल छठे भाव में। ज्योतिष में इस स्थिति को षडाष्टक योग का नाम दिया गया है। मंगल और राहु दोनों को ही ज्योतिष में क्रूर ग्रह माना जाता है। ऐसे में इन दोनों का षडाष्टक योग बनाना देश–दुनिया में संघर्ष का कारण बन सकता है। इसके साथ ही षडाष्टक योग के बनने से राशिचक्र की 3 राशियों के जीवन में भी

मेष राशि राहु और मंगल का षडाष्टक योग आपके लिए अच्छा नहीं कहा जा सकता। इस योग के बनने से जीवन में संघर्ष बढ़ सकते हैं। इस योग के बनने के साथ ही आपकी राशि के स्वामी मंगल भी नीच राशि में हैं, इसलिए आत्मविश्वास की कमी आप में होगी। करियर के क्षेत्र में बेवजह आपके काम में गलतियां निकाली जा सकती हैं। सहकर्मियों के साथ भी नोकझोंक होने की आशंका है, सावधान रहें। पारिवारिक जीवन में माता की खराब तबीयत आपकी चिंता का कारण बनेगी। वाहन चलाते समय भी आपको बेहद सतर्क रहना होगा। उपाय के तौर पर आपको हनुमान चालीसा का पाठ करना चाहिए।

कर्क राशि षडाष्टक योग आपके जीवन में कई परेशानियां पैदा कर सकता है। खासकर मानसिक तनाव की स्थिति बन सकती है। अनजाना भय इस राशि केलोगों को परेशान करेगा। अपने गुस्से पर आपको काबू रखने की आवश्यकता होगी नहीं तो परिवार के लोगों और करीबियों के साथ संबंध खराब हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में काम का दबाव बढ़ने के कारण परेशानियां पैदा होंगी। मेहनत का उचित परिणाम न मिलने के कारण भी आपको निराश हो सकते हैं। सेहत का भी आपको ख्याल रखने की आवश्यकता होगी। उपाय के तौर पर भग. वान शिव की पूजा करें।

कुंभ राशि राहु ग्रह आपकी राशि में गोचर करेंगे और मंगल की कुंभ राशि पर अष्टम दृष्टि रहेगी। इसलिए परिस्थितियां थोड़ी विपरीत हो सकती हैं। धन से जुड़े मामलों को लेकर आपको सावधान रहना होगा, लेन–देन सोच–समझकर करें। इस दौरान किसी पर भी आवश्यकता से अधिक भरोसा करने से बचें, धोखा मिल सकता है। सेहत के प्रति लापरवाही बरतेंगे तो किसी बड़ी स्वास्थ्य समस्या का शिकार हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन में भी तनाव की स्थिति बन सकती है। उपाय के तौर पर कुंभ राशि के जातकों को शिवलिंग पर जल अर्पित करना चाहिए और मंगलवार को दान करना चाहिए।

# सीकर का यह चमत्कारिक मंदिर बना श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र, दीवारों पर उभरी रामायण की झलक

राजस्थान के सीकर शहर में भगवान राम का एक चमत्कारिक मंदिर मौजूद है. इस मंदिर में होने वाले चमत्कारों को सुनकर दूर–दूर से श्रद्धालु आते हैं. इस मंदिर में विराजित भगवान राम की प्रतिमा बहुत सुंदर है. भगवान राम के अलावा माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी की भी प्रतिमा विराजित हैं. यह मंदिर कई दशक पुराना है. रोजाना सुबह और शाम इस मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ रहती है.मंदिर पुजारी द्वारा रोजाना भगवान राम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी का विशेष मनमोहन श्रृंगार किया जाता है. इसके अलावा मंदिर के दरवाजे के ऊपर भगवान गणेश और रिद्धि सिद्धि के चित्र भी अंकित किए गए हैं. सीकर का यह मंदिर सबसे प्रमुख मंदिरों में से एक है. रामनवमी के यहां अनेकों विशेष आयोजन होते हैं.दीवार पर चित्रित है संपूर्ण रामायण इस मंदिर की खास बात यह है कि मंदिर की दीवार के चारों तरफ चित्र के माध्यम से संपूर्ण रामायण का वर्णन किया गया है. रावण द्वारा सीता हरण से लेकर रावण का वध करने तक संपूर्ण चित्र बनाए गए हैं. भग. वान राम के इस मंदिर की नक्काशी व चित्रकार अनोखे तरीके से की गई है. रामायण सहित सभी भगवानों के चित्र दीवार से उभरे हुए हैं, इन्हें किसी पेट या कलर से नहीं बनाया गया है, बल्कि उन्हें प्रसिद्ध कारीगरों द्वारा हाथों से तैयार किया गया है. मंदिर पुजारी ने बताया कि वार्षिक उत्सव पर मंदिर में विशेष आयोजन होते



हैं.इन्होंने बनवाया था मंदिरमंदिर पुजारी ने लोकल 18 को बताया कि यह मंदिर सीकर के प्रमुख मंदिरों में से एक है. भगवान राम से संबंधित सभी कार्यक्रम इसी मंदिर में आयोजित होते हैं. पुजारी ने बताया कि रामनवमी, कृष्ण जन्माष्टमी, शरद पूर्णिमा, शिवरात्रि और गंगा दशहरा पर इस मंदिर में विशेष आयोजन होते. इस मंदिर को लेकर मानता है कि जो भी भक्त इस मंदिर की सुबह और शाम की आरती में शामिल होता है.

# नरसिंह जयंती पर पूजा के साथ ही कर लें ये उपाय, जीवन की कई मुश्किलों का होगा अंत

नरसिंह जयंती के दिन विष्णु जी के अवतार भगवान नरसिंह की पूजा की जाती है। अपने भक्त प्रह्लाद की रक्षा के लिए भगवान विष्णु ने नरसिंह अवतार लिया था। यह अवतार लेकर भगवान विष्णु ने हिरण्यकश्यप का वध किया था। इसे भग. वान विष्णु का क्रोध अवतार भी कहा जाता है। साल 2025 में 11 मई को नरसिंह जयंती मनाई जाएगी। इस दिन कैसे आपको पूजा करनी है और किन उपायों को करने से आपको लाभ होगा, आइए जानते हैं।नरसिंह जयंती 2025 पूजा मुहूर्त नरसिंह जयंती हर साल वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाई जाती है। साल 2025 में यह तिथि 11 मई को है। चतुर्दशी तिथि 10 मई की शाम 5 बजकर 29 मिनट से शुरू होगी और 11 मई की रात 8 बजकर 2 मिनट तक रहेगी। भगवान नरसिंह की पूजा के लिए शुभ समय 11 मई को शाम 4 बजकर 21 मिनट से 7 बजकर 3 मिनट तक रहेग। कैसे करें पूजा नरसिंह जयंती के दिन आपको स्नान–ध्यान के बाद स्वच्छ वस्त्र धारण करने चाहिए। इसके बाद घर की उत्तर–पूर्व दिशा (ईशान कोण) में लकड़ी की एक चौकी लाल कपड़ा बिछाकर नरसिंह भगवान की प्रतिमा या तस्वीर स्थापित करें। इसके बाद फल, फूल, पंचामृत, नारियल, सूखे मेवे, केसर, हल्दी, अक्षत आती लेकर भगवान की पूजा आरंभ करें। इस दिन घी का दीपक आपको पूजा करते समय जलाना चाहिए। इसके बाद नरसिंह भगवान की पूजा मंत्रों का जप और अंत में आरती करें। नरसिंह जयंती के उपाय धन प्राप्ति के लिए नरसिंह जयंती के दिन आपको नरसिंह भगवान को नागकेसर चढ़ाना चाहिए। भगवान को अर्पित किए गए नागकेसर में से कुछ हिस्सा घर की तिजोरी में रख दें, इससे धन–धान्य की आपको जीवन में प्राप्त होती है। अगर आप कालसर्प दोष से मुक्ति पाना चाहते हैं तो नरसिंह जयंती के दिन पूजा के समय नरसिंह भगवान को मोरपंख अर्पित कर दे। माना जाता है कि इस उपाय को करने से कालसर्प दोष का बुरा प्रभाव खत्म हो जाता है। नरसिंह भगवान को मोती या चांदी चढ़ाने से उधारी चुकाने में आप कामयाब होते हैं साथ ही कहीं धन फंसा हुआ है तो वो भी आपको वापस मिल जाता है। भगवान नरसिंह को दही का प्रसाद चढ़ाने से कोर्ट–कचहरी के मामलों में आपको विजय प्राप्त होती है।

# जयपुर के आराध्य गोविंददेव जी करेंगे नौका विहार, गर्भगृह में प्रवाहित की जाएगी सुगंधित जल धारा, लगाए जाएंगे भोग

जयपुर. राजधानी जयपुर के आराध्य गो. विंददेवजी ज्येष्ठ माह की शुरुआत के साथ ही जल विहार करेंगे. इस दिन से मंदिरों में जलविहार की झांकियां सजना भी शुरू हो जाएगी. गोविंददेवजी मंदिर और गोप. ीनाथजी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में ठाकुरजी के जेष्ठाभिषेक शुरू होगा. मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी ने बताया कि गोविंददेवजी मंदिर में 12 मई को जलयात्रा उत्सव के साथ जलविहार की झांकियों की शुरुआत होगी. ठाकुरजी दोपहर 12.30 से 12रू45 बजे तक 15 मिनट जलविहार करेंगे. मंदिर में 11 जून को ज्येष्ठाभिषेक तक जलयात्रा उत्सव मनाया जाएगा.12 मई से 11 जून तक जलयात्रा उत्सव होगा मंदिर महंत ने बताया कि गोविंददेवजी मंदिर में 12 मई से 11 जून तक जलयात्रा उत्सव मनाया जाएगा. दोपहर 12रू30 से 12रू45 बजे तक मंदिर के गर्भगृह में सुगंधित जल की धारा प्रवाहित करता चांदी का फव्वारा चलेगा. इस दौरान ठाकुरजी सफेद धोती और दुपट्टा धारण किए हुए रहेंगे. जल विहार झांकी 15 मिनट के लिए खुली रहेगी. झांकी के बाद ठाकुरजी को पांच प्रहार के फलों और हलवे–पूड़ी का भोग लगेगा. इसके अलावा मंदिर में 12 मई के बाद 18 मई, 12 मई, 23 मई अपरा एकादशी पर, 26 मई, 27 मई, 28 मई व 31 मई और 5 जून, 7 जून निर्जला एकादशी, 10 जून और 11 जून को जल विहार झांकियां सजाई जाएगी. इनमें निर्जला एकादशी पर 7 जून और 11 जून को जेष्ठाभिषेक दोपहर 12रू30 बजे से 1रू00 तक जबकि बाकी दिन दोपहर 12.30 से 12रू45 तक जलविहार की झांकी सजेगी. गोविंददेवजी मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी ने बताया कि जयपुर के आराध्य देव गोविंददेव जीएक माह में 12 दिन ठाकुरजी नौका विहार करेंगे. यह दिन मंदिर में पर्व की तरह ही मनाया जाएगा. आपको बता दें कि गोविंद देव जी मंदिर में विशेष आयोजनों पर भक्तों की बाहरी भीड़ रहती है. ऐसे में अनुमान है कि ठाकुर जी के नौका विहार उत्सव में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे.

# सूर्य 11 मई को बदलेंगे नक्षत्र, कम. जोर होगी 4 राशियों की आर्थिक स्थिति, रहना होगा बेहद सतर्क

ग्रहों के राजा सूर्य 11 मई के दिन नक्षत्र परिवर्तन कर देंगे। सूर्य का गोचर उनके ही नक्षत्र कृतिका में होगा। सूर्य के कृतिका नक्षत्र में प्रवेश करने से कई राशियों को जीवन में बदलाव देखने को मिलेंगे। कुछ राशियों के लिए यह गोचर अच्छा रहेगा वहीं कुछ लोग चुनौतियों का सामना भी इस गोचर के कारण कर सकते हैं। आज हम आपको बताएंगे कि सूर्य का यह गोचर किन राशियों के लिए चुनौतीपूर्ण रह सकता है, और क्या उपाय करने से सूर्य की प्रतिकूलता को आप कम कर सकते हैं।

वृषभ राशि

सूर्य के कृतिका नक्षत्र में प्रवेश करने के बाद आपको सेहत से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं। कुछ जातकों को नींद न आने के कारण मानसिक तनाव होगा। इस दौरान आपके लिए ध्यान करना बेहद लाभदायक सिद्ध हो सकता है। नियम–कानूनों को तोड़ने से इस दौरान बचें नहीं तो किसी बड़ी मुसीबत में फंस सकते हैं। आर्थिक पक्ष डगमगा सकता है, अचानक से किसी चीज पर बड़ी धन राशि खर्च होने की आशंका है। सही बजट बनाकर चलते हैं तो विपरीत परिस्थितियों से पार पा सकते हैं। उपाय के तौर पर गुड़ का दान करें।

तुला राशिसूर्य के कृतिका नक्षत्र में प्रवेश करने के चलते वैवाहिक संबंधों में उतार–चढ़ाव आ सकता है। क्रोध और गलतफहमी जीवनसाथी से आपको दूर कर सकती है। धैर्य के साथ इस दौरान आगे बढ़ना होगा। सामाजिक स्तर पर भी भावनाओं में बहकर कुछ न कहें, आपकी बातों का गलत मतलब निकाला जा सकता है। कुछ लोगों का प्रमोशन या इंक्रीमेंट रुक सकता है, जिसके चलते आर्थिक स्थिति डगमगाएगी। उपाय के तौर पर तुला राशि के जातकों को यथासंभव दान करना चाहिए।

वृश्चिक वृश्चिक राशि के जातक सूर्य के नक्षत्र परिवर्तन के बाद पारिवारिक जीवन में उतार–चढ़ाव देख सकते हैं। माता के पक्ष के किसी व्यक्ति के कारण परिवार में कलह की स्थिति बन सकती है। गुस्सा आप पर हावी हो सकता है जिसके चलते आपके करीबी भी आपसे दूरी बना सकते हैं। सट्टेबाजी में पैसा लगाकर धन की हानि होने की संभावना है। रोजगार की तलाश करने वालों को अपने प्रयास बढ़ाने होंगे। उपाय के तौर पर आपको सुबह के समय सूर्य देव को जल का अर्घ्य देना चाहिए।

कुंभ शनि के स्वामित्व वाली कुंभ राशि के जातकों को अपने सामान और धन का विशेष ध्यान देना होगा। सूर्य के नक्षत्र परिवर्तन करने से किसी कीमती सामान की चोरी हो सकती है। इसके साथ ही अपना समझकर किसी को दिया गया धन इस दौरान लंबे समय तक अटक सकता है। सामाजिक स्तर पर भी दिक्कतों का सामना आपको करना पड़ेगा। पड़ोसियों के साथ नोकझोंक के कारण सामाजिक स्थिति बिगड़ेगी। इस राशि के जातकों को सेहत में भी गिरावट देखने को मिल सकती है। उपाय के तौर पर सूर्य ग्रह के बीज मंत्र का जप करें।

# कुल देवता होते हैं नाराज, तो बेटे–बेटी का मुंह नहीं देख पाता इंसान, जानें संतान प्राप्ति के उपाय

यदि किसी व्यक्ति के कुंडली में संतान दोष है तो काफी प्रयासों के बाद भी वह बेटे या बेटीका मुंह नहीं देख पाता है. उसे संतान का सुख प्राप्त नहीं होता है. आपका जीवन सुखी रहे, इसके लिए आपको समय समय पर अपने कुल देवता की पूजा करनी चाहिए. उनके लिए भोग लगाना चाहिए. कुल देवता प्रसन्न होते हैं तो व्यक्ति का परिवार बढ़ता है. यदि कुल देवता नाराज होते हैं तो वंश आगे नहीं बढ़ पाता है. आइए दिवाकर पंचांग से जानते हैं कि कुंडली में कुल देवता का दोष क्या है? संतान प्राप्ति का उपाय क्या है?कुल देवता के दोष से नहीं होती संतान 1. यदि सूर्य मकर या कुंभ राशि में होकर पाप ग्रहों से युक्त हो या फिर लग्न में पाप ग्रह हों तो कुल देवता की नाराजगी से संतान नहीं होती है.2. यदि कुंडली के लग्न भाव पर पाप ग्रह की दृष्टि पड़ रही हो और शनि छठे भावस्थ हो, चंद्र, सूर्य और बुध को विशेष दृष्टि से देख रहा हो तो कुल देवता की नाराजगी से संतान नहीं होती है.3. कुंडली के 6वें भाव में बुध और शनि हों, लग्न के सूर्य और चंद्रमा पर क्रूर ग्रहों की दृष्टि हो तो कुल देवता के श्राप से व्यक्ति को संतान नहीं होती है.4. यदि कुंडली का पंचमेश पाप ग्रहों वाला हो या दृष्ट हो या फिर पंचमेश षष्ठेश वाला हो या दृष्टि हो तो कुल देवता का श्राप लगता है, पुत्र या पुत्री का सुख नहीं मिलता है.5. यदि पं. चमेश गुरु वाला हो और सप्तमेश मंगल युक्त हो तो कुल देवता के श्राप से संतान नहीं होती है.संतान प्राप्ति के उपाय1. पति और पत्नी साथ में पुत्रदा एकादशी कर व्रत करते हैं तो उनको संतान सुख मिल सकता है.2. संतान की प्राप्ति के लिए श्री वंशकवच और स्तोत्र का पाठ करें. संतान गोपाल स्तोत्र, श्रीहरिवंश पुराण और श्री गोपाल सहस्त्रणाम का पाठ करें. बछड़े वाली गाय का दान करें.3. संतान सुख पाने के लिए संतान गणपति स्तोत्र का पाठ करें. गणेश चतुर्थी का व्रत करें. श्री चरणव्यूह का भी पाठ कर सकते हैं.4. पुत्र या पुत्री की प्राप्ति के लिए छठी मैया की पूजा करें. षष्ठी देवी स्तोत्र का पाठ करें. सोमवती अमावस्या या अमावस्या पर स्नान, दान, पूजा पाठ करें. पितृ तर्पण, ब्रह्म भोज आदि करें. लाभ होगा.5. भाद्रपद के शुक्ल पक्ष में श्री महालक्ष्मी व्रत करें. 16 दिनों तक श्री महालक्ष्मी का पूजन करें. आपके संतान सुख में बढ़ोत्तरी होगी.

# अपर निदेशक स्थानीय निकाय नगर विकास ने नाला सफाई का किया सत्यापन

अलीगढ़ अपर निदेशक स्थानीय निकाय ध्नगर विकास ने नाला सफाई का किया सत्यापन–कूड़ा जलता देख एफआईआर दर्ज कराए जाने के दिये निर्देश–नाला सफाई को वर्षा ऋतु से पूर्व पूर्ण करने के दिये निर्देशजवाहर भवन में साफ सफाई, नाला सफाई, संचारी रोग नियंत्रण, हीट वेव, पेयजलापूर्ति आदि बिंदुओं पर स्थानीय निकायों के साथ की समीक्षाआवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा श्स्वच्छ सर्वेक्षण–2024 की कार्यवाही वर्तमान में प्रक्रियाधीन है इस हेतु नगर निगम अलीगढ़ में स्वच्छ भारत मिशन–नगरीय के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की भौतिक प्रगतिध्समीक्षा हेतु राज्य मिशन निदेशालय से डॉ असलम अंसारी अपर निदेशक, स्थानीय निकाय निद. `शालयध्नगर विकास ने शुक्रवार को अलीगढ़ नगर निगम द्वारा नाला सफाई सड़क सफाई व एसबीएम अंतर्गत किये गए कार्यो का भौतिक सत्यापन किया।डॉ असलम अंसारी ने ओजोन सिटी निकट जाफरी ड्रेन,कुरसी नाला सफाई, समद रोड नाला सफाई को देखा उन्होंने सभी छोटे बड़े नालों की सफाई का कार्य वर्षा ऋतु से पहले पूरा करने के निर्देश दिए । निरीक्षण के समय पीएसी से ओजोन सिटी के रास्ते एक व्यक्ति द्वारा कचरे में आग लागये जाने पर डॉ अंसारी ने नाराजगी जताते हुए तत्काल आग बुझाने के साथ साथ ऐसे लोगो के विरुद्ध कानूनी कार्यवाई करने के लिए कहा। मौके पर एसएफआई योगेंद्र यादव द्वारा कचरे में आग लगने वाले व्यक्ति राजेन्द्र निवासी असद पुर कयाम के विरुद्ध सम्बन्धित थाने में एफआ. ईआर दर्ज कराने की कार्यवाई की जा रही है।अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव ने अपर निदेशक को नगर निगम स्तर से



परियोजनाओं के बारे में विस्तार से जानक. ारी दी। दोपहर में डॉ अंसारी ने जवाहर भवन में सभी नगर पंचायत तथा नगर पा. लिकाओं के अधिशासी अधिकारियों व नगर निगम अधिकारियों के साथ पेयजलापूर्ति, जल निकासी, साफ सफाई, हीट वेव आदि बिंदुओं पर समीक्षा भी की।निरीक्षण में अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह, मुख्य अभियंता सुरेश चंद, पशु कल्याण अधिकारी डॉ रा. जेश कुमार वर्मा आदि साथ थे।







अलीगढ़ उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित वर्ष 20252026 में माटीकला टूल किट्स वितरण योजनान्तर्गत स्वतः रोजगार में रूचि रखने वाले ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों के माटीकला एवं माटीशिल्पकला के परम्परागत कारीगर एवं माटीकला में प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षित बेरोजगारो को माटीकला टूल किट्स (विद्युत चालित चाक) का निःशुल्क वितरण किया जाना है।जिला ग्रामोद्योग अधिकारी संजीदा बेगम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि लाभार्थी के परिवार में किसी को भी किसी विभाग या संस्था द्वारा माटीकला टूल किट्स अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी माटीकला के पोर्टल नच. उंजपांसंइवंतक.पद पर 16 मई तक अपना आवेदन कर सकते है। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी के पास आधार कार्ड एवं राशनकार्ड, जातिप्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता होना आवश्यक है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, म.नं. 5ध्69–एच–80–4, त्रिमूर्तिनगर, (पुलिस गैसगोदाम के पास), बरौला बा. ईपास एवं दूरभाष नं० 7408410755 व 9808146965 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के एनपीए ऋण खाते लोक अदालत में बंद करने पर मिलेगी छूट

हाथरस।उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के सहायक महाप्रबंधक आर.एस.वर्मा ने उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के सभी शाखा प्रबंधकों की वर्चुअल सभा को संबोधित करते हुए अवगत कराया कि यदि कोई ग्राहक उनके बैंक से लिए गए पुराने ऋण को यदि किसी परेशानी की वजह से समय से जमा नहीं कर सके हैं तो जो भी एन.पी.ए. ऋण खाता उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक में चल रहा हैं उसको बैंक नियमानुसार छूट का लाभ लेकर बंद कर सकते हैं।इस अवसर का लाभ उठाने के लिए जल्द से जल्द शाखा प्रबंधक से संपर्क करें या फिर 10 मई 2025 को दीवानी कचहरी हाथरस पर लगने वाली लोक अदालत अथवा अपनी संबंधित शाखा में उपस्थित होकर अपने ऋण को जमा कराएं।

## निलिट से मान्यता प्राप्त संस्थाएं कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए 27 मई तक करें आवेदन

अलीगढ़ (जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रजनीश कुमार पाण्डेय ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया है कि पिछड़ा वर्ग कल्याण उ0प्र0 शासन के निर्देशानुसार भारत सरकार से अधिकृत संस्था निलिट से मान्यता प्राप्त जनपद स्तर पर कार्यरत संस्थाओं के माध्यम से ओलेबल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान कराया जाना है। उन्होंने कहा कि इच्छुक संस्थाएं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की वेबसाइट http:backward-welfare-up-nic.पद पर दिए गए लिंक एवं obccomputertraining-upsdc-gov-in के माध्यम से 13 मई से 27 मई के मध्य अपना ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन के उपरान्त आवेदन की प्रति का प्रिन्ट आउट समस्त अभिलिखों एवं विवरणों के साथ संलग्न कर उसकी हार्डकॉपी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय में 27 मई की सांय 5 बजे तक उपलब्ध कराने पर ही आवेदन मान्य होगा। उन्होंने बताया कि योजना के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी, दिशानिर्देश एवं समय सारणी वेबसाइट पर उपलब्ध हैं, इसके साथ ही अन्य जानकारी विकास भवन स्थित कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी से प्राप्त की जा सकती है।

## 10 मई को आयोजित होने वाली लोक अदालत के लिए 146146 मामले चिन्हित

अलीगढ़ ( जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम कुमार के दिशा निर्देशन में 10 मई शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय, अलीगढ़, बाह्य स्थित न्यायालयों में एवं तहसील स्तर पर किया जाना है। राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालयों, विभागों में लम्बित विभिन्न प्रकृति के मामलों (जैसे फौजदारी के शमनीय वाद, धारा 138 एनआईएक्ट, धन वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, श्रम वाद, विद्युत अधिनियम एवं जलकर से सम्बन्धित वाद, पारिवारिक एवं वैवाहिक वाद, भूमि अर्जन वाद, सेवा सम्बन्धित वाद अन्य दीवानी वाद, अन्य प्रकृति के वाद जो न्यायालयों में छोटे–छोटें प्रकृति के मामलें लम्बित हो), के अतिरिक्त पारिवारिक, वैवाहिक विवादों के प्रीलिटिगेशन मामलों तथा प्रीलिटिगेशन स्तर पर विभिन्न बैंको, वित्तीय संस्थाओं एवं विभागों में लम्बित, प्रीलिटिगेशन स्तर के मामलों का भी निस्तारण आपसी सुलह समझौता के आधार पर किया जाना है। अपर जिला जज, पूर्णकालीन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नितिन श्रीवास्तव ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम कुमार द्वारा प्रातः 10:30 बजे पुस्तकालय सभागार, दीवानी न्यायालय पर किया जायेगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए न्यायालयों में लम्बित, प्रीलिटिगेशन स्तर पर निस्तारण करने के लिए 146146 मामले चिन्हित किये गये हैं। उन्होंने वादकारीगण से अपेक्षा की है कि वे अपने मामले का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत में कराने के इच्छुक हो तो सम्बन्धित न्यायालय, कार्यालय में उपस्थित होकर अपने मामले का निस्तारण कराकर राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठायें।

## चकबन्दी प्रक्रिया की प्रगति मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

अलीगढ़ जिले में चकबन्दी प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में मासिक समीक्षा बैठक का कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजन किया गया। बैठक में सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, एडीएम न्यायिक एवं उप संचालक चकबन्दी अखिलेश कुमार, बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी अनिल कटियार, सीओ चकबन्दी राजीव कुमार टमटा, एसीओ अरूण सारस्वत एवं अरूण शर्मा उपस्थित रहे बैठक में जिले में 04 ग्रामोंबरहद, दहेली, पिलखना एवं साथिनी में अब तक की चकबन्दी प्रगति की समीक्षा की गई और अवशेष कार्यों की शीघ्र पूर्ति के लिए अधिकारियों को दिशानिर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि निर्धारित समय सीमा में चक. बन्दी कार्य पूर्ण करते हुए ग्रामीणों को उनके अधिकारों की जानकारी दी जाए। उन्होंने पारदर्शिता एवं शिकायत निवारण प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने पर भी जोर दिया। जिलाधिकारी ने डीडीसी को निर्देशित किया कि 15 मई तक 05 वर्ष पुराने लंबित सभी मुकदमों को निस्तारित कर दिया जाए। इसके साथ ही उन्होंने दहेली एवं बरहद में जल्द से जल्द चकबन्दी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।डीडीसी चकबन्दी अखिलेश कुमार ने बताया कि चकबन्दी प्रक्रिया के दौरान निर्विवाद मामलों को एसीओ स्तर से एवं विवादित मामलों को सीओ स्तर से निस्तारित किया जा रहा है। बरहद में लगभग 424 हैक्टेयर वहीं दहेली में 228 हैक्टेयर में चकबन्दी का कार्य गतिमान है। उन्होंने जिलाधिकारी को आश्वस्त किया कि 15 जून से चक काटने की कार्यवाही आरम्भ हो जाएगी।

## नए नगर आयुक्त ने जन्म मृत्यु पंजीकरण के लिए बनाई नई व्यवस्था– नई व्यवस्था में 4 जोन में 04 लिपिक संभालेगे पंजीकरण की व्यवस्था



नगर आयुक्त ने उठाया अहम कदम–पब्लिक को अब जल्द मिलेगी बड़ी राहतजन्म मृत्यु पंजीकरण व्यवस्था में पूर्णता पारदर्शिता और समयान्तर्गत आवेदक को प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना नई व्यवस्था का रहेगा मूल उद्देश्य–अधिनस्थों को जोन वाइज रोजाना करनी होगी समीक्षारू–नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणानगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने पब्लिक की असुविधा को देखते हुए नगर निगम में कई सालों से जन्म मृत्यु पंजीकरण की पुरानी व्यवस्था जिसमे नगर निगम के 4 जोन में 1 लिपिक की व्यवस्था थी, को बंद कर दिया है। पुरानी व्यवस्था में 4 जोन में सिर्फ 1 लिपिक होने की वजह से आवेदनों की संख्या बढ़ती थी, निस्तारण की प्रक्रिया भी धीमी रहती थी जिसके कारण पब्लिक, पार्षद व आवेदक को खासी परेशानी उठानी पड़ती थी। नगर आयुक्त ने चार्ज लेते ही जन्म मृत्यु पंजीकरण व्यवस्था में विलंब का संज्ञान लेते हुए अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव को तत्काल व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश दिए।नगर आयुक्त ने चार्ज संभालते ही पब्लिक जनप्रतिनिधियों की आकांक्षाओं के अनुरूप व्यवस्थाओं में सुधार करने की कवायद शुरू कर दी है इस कवायद में पहली कड़ी के रूप में जन्म मृत्यु पंजीकरण व्यवस्था को बदला गया है अब नगर निगम के हर एक जोन में एक लिपिक जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र आवेदन का कार्य देखेगा इससे व्यवस्था में सुधार होगा समय की बचत होगी और कर्मचारियों की कार्य क्षमता में इजाफा भी होगा। नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने कहा व्यवस्थाओं में सुधार के लिए कवायद को तेज किया जाएगा हर व्यवस्था की गहन समीक्षा व ग्राउंड जीरो पर आंकलन किया जा रहा है व्यवस्थाओं में सुधार के लिए पब्लिक और जन्म प्रतिनिधियों की आकांक्षाओं के अनुरूप जो भी प्रभावी कदम होंगे उठाये जाएंगेनगर आयुक्त ने कहा पब्लिक की सुविधा के लिए अलीगढ़ नगर निगम द्वारा जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए जोन वाइज अलग–अलग पृथक विंडो है नागरिक यहां आकर अपना आवेदन करें किसी भी दलाल अथवा अन्य व्यक्ति के बहकावे में आकर उनके माध्यम से कतई आवेदन न करें।अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव ने बताया कि नगर निगम कार्यहित एवं प्रशासनिक हित मे जोन 1 मे कनिष्ठ लिपिक अंकुर कुमार कम्प्यूटर ऑपरेटर आउटसोर्स शुभम चपरासी इकरार अधि. चतुर्थ श्रेणी व अनिल आउटसोर्स की तैनाती की गयी हैजोन 2 मे गौरव कुमार कंप्यूटर ऑपरेटर आउटसोर्स जितेंद्र कुमार शर्मा एवं चपरासी अकील अधि. चतुर्थ श्रेणी व दीपक आउटसोर्स की तैनाती की गई है।जोन 3 मे कनिष्ठ लिपिक सत्य प्रकाश कंप्यूटर ऑपरेटर आउटसोर्स चंद्र प्रकाश चपरासी ललित कुमार चतुर्थ श्रेणी व उत्कर्ष आउटसोर्स की तैनाती की गई है।जोन 4 मे पंप अटेंडेंट जतिंजय पाल पाठक कंप्यूटर ऑपरेटर आउटसोर्स आलोक भारती चपरासी मुजम्मिल अधि. चतुर्थ श्रेणी व कपिल आउटसोर्स कार्मिक की तैनाती की गई है।

## जिले में संभावित बाढ़ से निपटने के लिए डीएम ने की बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक

अलीगढ़ जिला मजिस्ट्रेट संजीव रंजन की अध्यक्षता में वर्ष 2025 में संभावित सूखा एवं बाढ़, अतिवृष्टि, ओलावृष्टि प्रबंध योजना का क्रियान्वयन किए जाने के साथ ही प्रभावित व्यक्तियों को तत्काल राहत एवं पुनर्वास सुविधा प्रदान किए जाने के संबंध में कलैक्ट्रेट सभागार में बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक आहूत की गई। डीएम ने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए सभी प्रकार की तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक में अधिशासी अभियंता सिंचाई व नोडल अधिकारी भरत राम ने विभागीय जिम्मेदारियों एवं दायित्वों व अब तक की गई तैयारियों के बारे में विस्तार से जानक. ारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि गंगा किनारे के संभावित बाढ़ प्रभावित ग्रामों और यमुना नदी के तटबन्धों का निरीक्षण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि गंगा नदी पर कोई तटबंध नहीं है जबकि यमुना नदी पर 28.20 किलोमीटर लम्बाई में तटबन्ध है जिसमें से जिले में लगभग 16 किलोमीटर का तटबंध शामिल है। गंगा नदी में भीमगौड़ा बैराज हरिद्वार से छोड़ा गया पानी लगभग 60 घंटे में सांकरा गंगा क्षेत्र में पहुॅचता है इसी प्रकार हथिनीकुण्ड बैराज यमुना नगर हरियाणा से छोड़ा गया पानी लगभग 72 घंटे में टप्पल यमुना क्षेत्र में पहुॅचता है। उन्होंने बताया कि संभावित बाढ़ के दृष्टिगत सुरक्षात्मक कार्यों के लिए गंगा नदी क्षेत्र में 04 एवं यमुना नदी क्षेत्र में 05 सुरक्षा समितियों का गठन कर लिया गया है। जिले में दूरभाष नंबर 05712703075 एवं 7818832408 के माध्यम से बाढ़ कंट्रोल रूम का संचालन 01 जून से 31 अक्टूबर तक 24 घंटे किया जाएगा।डीएम ने बाढ़ चौकियों, राहत शि. विरों के संबंध में भी स्थान तय करते हुए निरीक्षण व स्थापना संबंधी कार्य समय से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की टीमों का गठन कर 24 घंटे के लिए रोस्टर तैयार कर ड्यूटियां लगा दी जाएं। उन्होंने गोताखोरों एवं आपातकालीन संपर्क नंबरों को भी उचित स्थान पर प्रदर्शित करने के साथ ही स्वास्थ्य विभाग को दवाइयों की उचित व्यवस्था, कृषि विभाग को पशुओं के लिए चारा की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भीषण गर्मी का प्रकोप अपने चरम पर है, गर्मी एवं लू को ध्यान में रखते हुए जनसामान्य को राहत पहुंचाने के लिए पेयजल की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। ताकि आपात स्थिति में पेयजल की समस्या न हो।त. हसील अतरौली क्षेत्र में गंगा नदी में संभावित बाढ़ से प्रभावित ग्रामगंगा नदी में जलस्तर बढ़ने से तहसील अतरौली क्षेत्र के 4495 हैक्टेयर क्षेत्रफल में 17 ग्रामों–दीनापुर, गनेशपुर, हामिदपुर, रूस्तमनगर, नगला जोगिया, सीकरी, गहतौली गंग, नगला आलिया, गोपालपुर, हारूनपुर अहतमाली, हारूनपुर गैर अहतमाली, नगावली सकूरगंज, सांकरा, टोडरपुर अहतमाली, टोडरपुर गैर अहतमाली, कि. रतौली व नगला सीसई में बाढ़ की संभावना बढ़ जाती है, जिससे लगभग 19500 की आबादी प्रभावित होती है। तहसील खैर क्षेत्र में यमुना नदी में संभावित बाढ़ से प्रभावित ग्राम यमुना नदी में जलस्तर बढ़ने से तहसील खैर क्षेत्र के 3032 हैक्टेयर क्षेत्रफल में 13 ग्रामो पीपली, घरवरा, किशनगढ़, लालपुर, रैयतपुर, मिलक, नरवारी, मालव, महाराजगढ़, शेरपुर, नगला अमर सिंह, रामगढ़, ऊंटा. सानी एवं पखोदना में बाढ़ की संभावना बढ़ जाती है, जिससे लगभग 30 हजार की आबादी प्रभावित होती है। बैठक में एडीएम वित्त एवं प्रभारी अधिकारी आपदा मीनू राणा, डीएसओ अभिनव सिंह, डीएओ धीरेन्द्र सिंह चौधरी, सीवीओ डा0 दिवाकर त्रिपाठी, बीडीओ अतरौली वेद प्रकाश, बीडीओ अवधेश कुमार मिश्रा, तहसीलदार कृष्ण गोपाल समेत संबंधित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ ने इस मामले में अपर जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

संवावदाता इंद्रपाल राजपूत

कासगंज नगर पालिका परिषद में कार्यरत संविदा कर्मी कुसुम देवी का 6 महीने से वेतन नहीं मिला है। स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ ने इस मामले में अपर जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है।कुसुम देवी 2006 से नगर पालिका में संविदा कर्मचारी के पद पर कार्यरत हैं। उनके खिलाफ कोई शिकायत या गलती नहीं होने के बावजूद उनका वेतन रोका गया है। सफाई मजदूर संघ का आरोप है कि नगर पालिका अध्यक्षा के पति द्वारा कर्मच. ारियों का शोषण किया जा रहा है।संघ ने अन्य मांगें भी रखी हैं। इनमें बैंक लॉक सफाई कर्मचारियों को उनके मूल पद पर भेजने, ठेका कर्मचारियों का तीन माह का वेतन और दो साल का ईपीएफ का भुगतान शामिल है। साथ ही स्थाई कर्मच. ारियों का बोनस और संविदा कर्मचारियों के डीए की किस्त का एरियर भी मांगा गया है।सफाई मजदूर संघ ने चेतावनी दी है कि मांगें पूरी नहीं होने पर वे धरना–प्रदर्शन और हड़ताल करने को मजबूर होंगे। ज्ञापन में नगर पालिका अध्यक्षा मीना माहेश्वरी और उनके पति रा. जेंद्र बोहरे को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया गया है।

# पुलिस भर्ती बोर्ड में पैनलिस्ट के रूप में तैनात एक स्वास्थ्य कर्मी को गिरफ्तार किया

पुलिस भर्ती बोर्ड में पैनलिस्ट के रूप में तैनात ,क स्वास्थ्य कर्मी को •िरफ्तार किया •या है। आरोपी अभ्यर्थियों को फिट या अनफिट ?ोषित करने के नाम पर मोटी रकम की वसूली कर रहा था।अपर जिला मजिस्ट्रेट और अपर पुलिस अधी{ाक ने संयुक्त छापेमारी में इस भ्रष्टाचार का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने दो लो•ों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की है।जांच में सामने आया है कि आरोपी स्वास्थ्य कर्मी पुलिस भर्ती प्रक्रिया में अभ्यर्थियों की मेडिकल जांच के दौरान अवैध वसूली कर रहा था। पुलिस सू=ों के अनुसार, इस मामले में अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की भी संलिप्तता की जांच की जा रही है और जल्द ही उन पर भी कार्रवाई हो सकती है।

# एटा जिले में पुलिस भर्ती के मेडिकल परीक्षण के दौरान बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया

एटा जिले में पुलिस भर्ती के मेडिकल परीक्षण के दौरान बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। शिकायत मिलने के बाद गुरुवार को अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार सिंह और अपर जिलाधिकारी सत्यप्रकाश सिंह ने सुमित्रा डायग्नोस्टिक सेंटर पर छापा मारा। यहां भर्ती अभ्यर्थियों से पैसे लेकर श्फिटश करने का खेल चल रहा था। छापे में दो लोगों को हिरासत में लिया गया और सीसीटीवी की DVR जब्त कर ली गई।पुलिस को इस फर्जीवाड़े की जानकारी तब लगी जब नगर कोतवाली प्रभारी के व्हाट्सएप पर कुछ वीडियो भेजे गए। इनमें डॉक्टरों द्वारा भर्ती अभ्यर्थियों से पैसे लेते देखा जा सकता है। मामला सामने आते ही एटा पुलिस और प्रशासन सक्रिय हो गया और जांच शुरू कर दी गई।डॉक्टर अनुभव अग्रवाल और डॉक्टर राहुल गिरफ्तार छानबीन के बाद पुलिस ने दो डॉक्टरों को गिरफ्तार किया है– डॉ. अनुभव अग्रवाल (निवासी परिणय कुंज, दिल्ली गेट, आगरा) और डॉ. राहुल वार्ष्णेय (निवासी विजयनगर, एटा)। इन पर भर्ती अभ्यर्थियों को श्अनफिटश दिखाकर पैसों की मांग करने और फिर पैसे लेकर श्फिटश घोषित करने का आरोप है।मेडिकल से पहले भय दिखाकर वसूली का आरोप पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ है कि आरोपियों ने मेडिकल से पहले ही अभ्यर्थियों और उनके अभिभावकों को यह कहकर डराया कि वे अनफिट घोषित कर दिए जाएंगे। इसके बदले उनसे मोटी रकम वसूली गई। यह पूरा खेल सुनियोजित तरीके से श्पैकेज डीलश के रूप में चल रहा था।पुलिस टीम ने दबोचे आरोपी, कई बड़े नाम जांच के दायरे में कोतवाली नगर प्रभारी अमित कुमार के नेतृत्व में उपनिरीक्षक अभिषेक वत्सल, उप. निरीक्षक मघेंद्र सिंह, कॉन्स्टेबल जितेंद्र सिंह व अन्य पुलिसकर्मियों की टीम ने छापामारी कर आरोपियों को पकड़ा। फिलहाल मामले की गहनता से जांच जारी है और सूत्रों की मानें तो कई अन्य बड़े नाम भी जांच के घेरे में आ सकते हैं। वीडियो में दिखी लेन–देन की पूरी प्रक्रिया शनिवार को शूट किए गए वायरल वीडियो में डॉक्टर अनुभव अग्रवाल को एक व्यक्ति से पैसे लेते हुए देखा गया है। वहीं, डॉ. राहुल भी वीडियो में मौजूद हैं। एक अभ्यर्थी को कपड़े उतारकर मेडिकल परीक्षण कराते भी देखा गया, लेकिन यह वीडियो पुलिस ने मीडिया से साझा नहीं किया।

# कासगंज विधायक ने सीएम के समक्ष रखी अमांपुर में बालिका महाविद्यालय की मांग

कासगंज संवावादाता इंद्रपाल राजपूत



अमांपुर क्षेत्र के विधायक हरिओम वर्मा ने लखनऊ पहुंचकर मुख्यमंत्री से मुलाकात की। उनके समक्ष क्षेत्र की समस्याओं को रखा। अमांपुर में बालिका महाविद्यालय का निर्माण, स्थाई मटर मंडी का निर्माण और तंबाकू क्रय केंद्र खोले जाने की मांग रखी।विधायक हरिओम वर्मा ने कहा कि अमांपुर में बालिका महाविद्यालय ने होने से छात्राओं को खासा परेशानी होती है। इंटरमीडिएट के बाद उन्हें गंजडुंडवारा, कासगंज अन्य शहरों में उच्च शिक्षा के लिए जाना होता है। कई छात्राएं तो आने जाने की दिक्कतों के चलते पढ़ाई छोड़ देती हैं या फिर प्राइवेट कोर्स करती हैं। महाविद्यालय निर्माण के लिए अमांपुर क्षेत्र में पर्याप्त भूमि की भी व्यवस्था हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से महाविद्यालय के निर्माण की मांग रखी। अस्थाई मटर मंडी के कारण मंडी क्षेत्र में फसल के दौरान जाम के हालात रहते हैं। जाम के चलते निकलना मुश्किलों भरा होता है। स्थाई मटर मंडी का निर्माण हो जाए तो इस समस्या का निदान हो जाएगा। अमांपुर, गंजडुंडवारा व पटियाली क्षेत्र में तंबाकू की फसल बढ़ी संख्या में किसान करते हैं। बिक्री के लिए क्षेत्र में क्रय केंद्र खुलने से किसानों की फसल अच्छे दाम में बिना किसी दिक्कतों के बिक जाएगी। उन्होंने मुख्यमंत्री से स्थाई मटर मंडी के निर्माण व तंबाकू क्रय केंद्र के खोले जाने की मांग की। उन्होंने बताया कि सभी मांगों को मुख्यमंत्री ने सकारात्मक जवाब दिया है।

# एटा जिले के अलीगंज थाना क्षेत्र की मुक्का कालोनी में चोरों ने बंद मकान को निशाना बनाया

एटा जिले के अलीगंज थाना क्षेत्र की मुक्का कालोनी में चोरों ने बंद मकान को निशाना बनाया। गृहस्वामी जय सिंह के बेटे अपने चाचा की बेटी की शादी में गौरपुर थाना कायमगंज गए थे।गुरुवार शाम 6 बजे परिवार शादी समारोह में गया था। शुक्रवार दोपहर जब वे लौटे तो घर का ताला टूटा मिला। अंदर का सारा सामान बिखरा हुआ था। चोर कान की झुमकी, टॉप्स, तीन अंगूठी समेत सोने–चांदी के जेवरात ले गए।गृहस्वामी सत्यवीर सिंह ने बताया कि चोरों ने लर, अंगूठी और पाजेब सहित करीब 6–7 लाख रुपए के जेवरात चुरा लिए। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची।पुलिस ने मौका मुआयना किया



और जांच शुरू कर दी है। अलीगंज के क्षेत्राधिकारी सुधांशु शेखर के नेतृत्व में पुलिस टीम मामले की जांच में जुटी है।

# एटा जिले के अवागढ़ थाना क्षेत्र में एक कैंटर ने बाइक को टक्कर मार

एटा जिले के अवागढ़ थाना क्षेत्र में एक कैंटर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक की मौत हो गई। उसकी बहन और भांजी गंभीर रूप से घायल हुई हैं।घटना आज सुबह नगला माधो के पास हुई। 21 वर्षीय प्रदीप अपनी बहन भारती और दो वर्षीय भांजी वैष्णवी के साथ शादी समारोह से आगरा स्थित बरहन लौट रहा था। अवागढ़ से करीब 2 किलोमीटर आगे तेज रफ्तार कैंटर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। प्रदीप की मौके पर ही मौत हो गई।घायलों को एटा के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पा. `स्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। कैंटर को हिरासत में ले लिया गया है। हालांकि चालक मौके से फरार हो गया।थाना प्रभारी अवागढ़ कपिल कुमार नैन ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। फरार चालक की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# अलीगंज विधायक ने बालिका विद्यालय का किया भूमि पूजन

एटा के कस्बा स्थित अमर शहीद महावीर सिंह स्मारक बालिका विद्यालय में नए निर्माण कार्य की शुरुआत हुई। अलीगंज के विधायक सत्यपाल सिंह राठौर ने शुक्रवार को विधि–विधान से भूमि पूजन किया।विधायक निधि से 25 लाख रुपए की राशि विद्यालय को दी गई है। इस राशि से दो हॉल और एक कमरे का निर्माण किया जाएगा। विद्यालय प्रशासन ने फूल माला पहनाकर विधायक का स्वागत किया।विधायक राठौर ने कहा कि विद्यालय में बालिकाओं के लिए अतिरिक्त कमरों की आवश्यकता थी। नए कमरों के बनने से छात्राओं और विद्यालय प्रशासन को सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के छात्र–छात्राएं शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ें और देश–प्रदेश का नाम रोशन करें।इस दौरान कार्यक्रम में पूर्व चेयरमैन महावीर सिंह राठौर, बलवीर सिंह राठौर, रनबीर सिंह राठौर, अर्जुन सिंह रा. ठौर, पीयूष दुबे, राजेंद्र सिंह और बिल्लू वर्मा मौजूद रहे। विद्यालय प्रशासन और छात्राएं भी कार्यक्रम में शामिल हुईं।

# कासगंज पालिका क्षेत्र में दस वर्षों से ज्यादा विकास हुआ मात्र दो वर्षों मेंदृ मीना माहेश्वरी



कासगंजरू सदर नगर पालिका चेयरमैन मीना माहेश्वरी ने शुक्रवार को अपने आवास पर प्रेसवार्ता का आयोजन किया। प्रेसवार्ता के दौरान बीते दिन गुरुवार को चेयरमैन कक्ष में सभासदों द्वारा की गई ठेकेदार की पिटाई और गाली–गलौज की निंदा की। साथ ही 14 सभासदों द्वारा डीएम को दिए गए इस्तीफा पत्र को भी कुछ सभासदों के फर्जी हस्ताक्षर कर देने का आरोप लगाया है।आवास पर प्रेसवार्ता करते हुए सदर पा. लिका चेयरमैन मीना माहेश्वरी ने कहा कि मेरी अनुपस्थिति में चेयरमैन कक्ष में ठेकेदार के साथ मारपीट और गाली–गलौज की गई थी। वह बहुत ही गलत और निंदनीय घटना है। कुछ सभासदों ने निजी अपेक्षाओं और स्वार्थों के कारण विकास कार्य में बाधा उत्पन्न की है।विकास कार्य को लेकर सभासदों ने ठेकेदार के साथ मारपीट और गाली–गलौज की है। साथ ही उन्होंने चेयरमैन के व्यवहार से असंतुष्ट होकर जिलाधिकारी मेधा रूपम को 14 सभासदों ने इस्तीफा पत्र सौंपा था।जिसमें सभासदों ने अन्य सभासदों के फर्जी हस्ताक्षर कर दिए हैं। कुछ सभासदों ने चेयरमैन को पत्र देकर गलत हस्ताक्षर करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि शहर में विकास कार्य कराए जाने की जिम्मेदारी चेयरमैन और अधिशासी अधिकारी पूजा श्रीवास्तव की है।वरिष्ठ सभासद पुष्पेंद्र सोनी, अनु यादव, राजू कुरैशी के अलावा अन्य सभासदों ने कहा कि उन्होंने न तो कोई त्यागपत्र पर हस्ताक्षर किए हैं और न ही वह जिलाधिकारी के समक्ष पेश हुए हैं।कुछ सभासदों ने उनके फर्जी हस्ताक्षर कर सौंपा है। यह गलत है। इस मामले की जांच होनी चाहिए। वहीं मीना माहेश्वरी ने कहा कि क्षेत्र में जितना विकास बीते दस वर्षों में नहीं हुआ है, वह मात्र दो वर्षों में हो चुका है। सभासद विकास कार्य में रोड़ा न बने।

# एटा में पानी विवाद पर दो पक्षों में हिंसक झड़प

एटा जिले के कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के कसेटी गांव में पानी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हुई। इस घटना में एक पक्ष के सात लोग घायल हो गए। घायलों में सर्वेश कुमारी (लाखन सिंह की पत्नी), राजवती (दिनेश की पत्नी), किरण (संजय की पत्नी), दिनेश (घमंडीलाल के पुत्र), संजय, लखन सिंह और रामसिंह शामिल हैं।सभी घायलों को 108 एंबुलेंस से जिला मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। घायल महिला सर्वेश कुमारी ने बताया कि पिछले दो वर्षों से गांव के कुछ दबंग लोग उन्हें परेशान कर रहे हैं। आरोप है कि दबंग उनके दरवाजे पर गंदा पानी फैलाते हैं और रास्ते में पानी भरकर आवाजाही में बाधा उत्पन्न करते हैं।घटना के दिन 10–15 लोग उनके घर में घुस आए और मारपीट की, जिसमें उनके पति, जेठ, माता–पिता, सास और ससुर घायल हुए। थाना प्रभारी बेगराम कश्यप ने बताया कि मामला संज्ञान में है। घायलों का मेडिकल परीक्षण करवाया गया है और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

